# तेरी पायल बाजे माँ जब छमछम छमछम छमछम

तेरी पायल बाजे माँ,
जब छमछम छमछम छमछम,
बादल गरजे मेघा बरसे,
बिजली ही छम छम छम छम।bd।

---

हंस चाल मृग नैन तुम्हारे,
चंद्र बदन अति सोहे माँ,
माथे पे बिंदिया बिजली सी माँ,
दमक रही दम दम।bd।

---

काली घटा सभी काले हैं,
केश तुम्हारे माँ जगदम्बे,
स्वर्ण मुकुट पर मालिक माँ,
जू चमक रहे चम चम।bd।

---

कनक वदन पर लाल चुनरिया,
गगन में चमके जैसे बिजुरिया,
नाच रहे सुर नर किन्नर,
तेरो रूप निरख अनुपम।bd।

---

कर में तेरे शस्त्र शुशोभित,
होते हैं माँ शेरावाली,
तेरी सेवा में रहते हैं,
राजेन्द्र माँ हर दम।bd।

---

तेरी पायल बाजे माँ,
जब छमछम छमछम छमछम,
बादल गरजे मेघा बरसे,
बिजली ही छम छम छम छम।bd।

गीतकार / गायक-राजेन्द्र प्रसाद सोनी।
**8839262340**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com